

02

किताबों के बोझ से सुन्न हो रहे हैं हमारे भविष्य के कंधे : डा. संदीप कुमार

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

ऐच्छिक कोष से करीब 11 लाख रुपए की राशि जारी.....



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, बुधवार, 23 फरवरी 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

शक संवत 1942, माघ कृष्ण पक्ष सप्तमी, मूल्य, 2.00 रुपए


## महाविद्यालय बल्लभगढ़ को सर्वाधिक रक्तदान के लिए किया सम्मानित




अग्रवाल कॉलेज को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि रोटेरियन अनूप मित्तल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर व अन्य।

■ शिक्षण संस्थान द्वारा सर्वाधिक रक्त यूनिट प्रदान करने के लिए रोटेरियन स्वर्गीय एससी गुंबर मेमोरियल ट्रॉफी से भी सम्मानित

आज समाज नेटवर्क

**बल्लभगढ़।** रोटरी ब्लड बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा वर्ष भर में होने वाले रक्तदान शिविरों के आयोजन में सर्वाधिक रक्त यूनिट प्रदान करने के लिए धन्यवाद सम्मान समारोह फरीदाबाद इंडस्ट्री

एसोसिएशन के सभागार में आयोजित किया। समारोह के मुख्य अतिथि रोटेरियन अनूप मित्तल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रहे। इस सम्मान समारोह में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ आकर्षण का केंद्र रहा क्योंकि महाविद्यालय प्राचार्य कृष्ण कांत गुप्ता के संरक्षण में महाविद्यालय मे रक्तदान शिविरों का आयोजन होता रहा है। प्राचार्य का कहना है कि रक्तदान जीवनदान है और इस प्रकार हम किसी का जीवन तो बचाते ही हैं, उसके साथ साथ पीड़ित के परिवार की खुशियों को भी बचाते हैं क्योंकि किसी व्यक्ति की मृत्यु से उसके सारे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है।

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ को वर्ष 2020-21 मैं रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए रोटरी ब्लड बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट ने ट्रॉफी से सम्मानित किया व किसी भी शिक्षण संस्थान द्वारा सर्वाधिक रक्त यूनिट प्रदान करने के लिए रोटेरियन स्वर्गीय एससी गुंबर मेमोरियल ट्रॉफी से भी सम्मानित किया प्राचार्य के आदेशानुसार यह सम्मान विनीत नागपाल ने प्राप्त किया।

महाविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग में इस सम्मान के लिए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत को बधाइयां दी।